# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

**मासिक आख्या जून 2023**

**संख्या– मैंमो–तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या/2021** **दिनांक – 01 जुलाई, 2023**

दिनांक 01.06.2023 को प्रातः 11:54 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग गंगनानी के पास मलवा आने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव सम्बन्धित अधिकारियों एंव कार्मचारी को सूचना से समन्वय कर मशीनरी तैनात करवाते हुये मार्ग को दोपहर 1:12 बजे सुचारु किया गया ।





दिनांक 01.06.2023 को रात्रि 9:48 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग डाबरकोट के पास मलवा आनें के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट से समन्वय किया गया रात्रि को लगातार वर्ष होने के कारण मार्ग प्रातः 6:01 बजे मार्ग को सुचारु किया गया। उक्त अवधि में यात्रियों के वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रूकवाये गये तथा अवरूद्ध स्थान पर पुलिस आदि की तैनाती की गयी।





दिनांक 03.06.2023 को प्रातः 10:37 बजे  गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग निलांगना के पास मलवा आने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव सम्बन्धित अधिकारियों एंव कार्मचारी से समन्वय किया गया उक्त मार्ग को प्रातः 11:23 बजे सुचारु किया गया ।





दिनांक 02 जून, 2023 गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के स्थान धराली के पास यात्रियों को बस का टायर सड़क से बाहर निकलने के कारण वाहन फंस गया। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा सेना हर्षिल आदि विभागों से समन्वय कर वाहन को हटवाये जाने हेतु हाईड्र मशीन उपलब्ध कराते हुये मार्ग को सुचारू करवाया गया।






दिनांक 04.06.2023 को नार्थ हिमालय हॉलीडेज के प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 23.05.2023 को गंगोत्री से 14 सदस्यों का ट्रैकिंग दल जो कि कालिन्दीखाल ट्रेकिंग अभियान के लिए गया था। दिनांक 04.06.2023 को उक्त दल में एक गाईड की स्थान कालिन्दीखाल बेस कैम्प (ऊँचाई लगभग 5650 मीटर) में स्वास्थ्य खराब होने के कारण मृत्यु होने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र के प्राप्त हुयी। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित एजेन्सी/एस0डी0आर0एफ0/ वन विभाग से समन्वय कर उक्त व्यक्ति के शव को लाये जाने हेतु 14 सदस्यीय दल स्थानीय पोटर्स/गाईड/एस0डी0आर0एफ0 का दी भेजा गया तथा यूकाडा /एयर फोर्स से हैली रेस्क्यू किये जाने हेतु अनुरोध किया गया। दल के सभी सदस्य सुरक्षित वापस आ गये। सेना द्वारा दिनांक 09.06.2023 उक्त व्यक्ति के शव को लाये जाने हेतु 02 हैलीकॉप्टर की तैनाती की गयी। उक्त स्थान उच्च हिमालय क्षेत्र एवं मौसम खराब होने के कारण हैली से रेस्क्यू नहीं हो पाय। दिनांक 15–16.06.2023 को भेजे गये दल द्वारा उक्त के शव को गंगोत्री/उत्तरकाशी लाया गया। शव को पोस्टमार्टम/पंचनाम की कार्यवाही कर शव परिजनों को सुर्पुद किया गया।










दिनांक 05.06.2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम अलेथ आदि क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में जनपद आपदा प्रबन्धन द्वारा बैनर आदि तैयार कर सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध कराये गये तथा मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में जनपद आपातकालीन परिचाल केन्द्र से त्वरित कार्यवाही दल की तैनाती गयी गयी।













जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा मानसून पूर्व तैयारी तथा प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में त्वरित प्रतिवादन सम्बन्धी कार्यों के दृष्टिगत श्री यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग एवं यमुनोत्री पैदल मार्ग/धाम के संवेदनशील स्थानों का सर्वेक्षण एवं दिनांक 05.06.2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री यमुनोत्री धाम में एन0डी0आर0एफ0 तैनात कर कार्यवाही की गयी।










राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, भारत सरकार एवं उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के दिशा–निर्देशानुसार आगामी मानसून पूर्व तैयारी तथा प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में त्वरित प्रतिवादन सम्बन्धी आदि कार्यों के दृष्टिगत **दिनांक 06.06.2023 को सांय 3:30 बजे जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण** मानसून पूर्व आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी तैयारी आहूत की गयी। जिसमें समस्त जिला स्थतीय अधिकारी/विभागीय नोडल/आई0आर0एसफ0 अधिकारी आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। मानसून काल के दृष्टिगत समस्त विभागों को पूर्व तैयारी के निर्देश दिये गये तथा सर्तक रहने के निर्देश दिये गये । इसके सथ ही सेना/अर्द्धसैन्य बलों/संस्थानों के साथ कॉर्डिनेट बैठक आहूत की गयी।

आपदा प्रबन्धन अधिनियम, 2005 की धारा–40 में निहित प्राविधानों के तहत जनपद आपदा प्रबन्धन कार्ययोजना की रूपरेखा का प्रस्तुतीकरण दिनांक 06 जून, 2023 को आयोजित जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की उक्त बैठक में किया गया, जिसमें कार्ययोजना की रूपरेखा का अनुमोदन प्राप्त कर जनपद आपदा प्रबन्धन कार्य योजना 2022 तैयार की गई है।





दिनांक 07.06.2023 को मनेरी–बयाण–लोथरु मोटर मार्ग के पास एक लोकल यूटिलिटी वाहन मनेरी मानसरोवर होटल के पास दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही उक्त स्थान के लिए SDRF पुलिस, राजस्व टीम तथा 108 एम्बुलेंस को सूचना से अवगत कराते हुए घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। उक्त वाहन में चालक सहित 02 लोग सवार थें जिसमें 01 व्यक्ति की घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी तथा घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्यालय उत्तरकाशी लाया गया।





दिनांक 07.06.2023 को सांय लगभग 6:30 बजे तहसील पुरोला अन्तर्गत पुरोला से नौगांव राज्य मोटर मार्ग पर एक स्कूटी वाहन जो स्थान चन्देली पुरोला के मध्य दुर्घटनाग्रस्त हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा पुलिस से समन्वय कर 108 एम्बुलेंस को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। उक्त वाहन में 03 व्यक्ति सवार थें जिसमें 01 व्यक्ति की घटना स्थल पर मृत्यु हुयी 02 व्यक्ति घायल हुये जिन्हें 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सी.एच.सी. पुरोला लाया गया जहां प्राथमिक के पश्चात दोने घायलों को हायर सेन्टर देहरादून रैफर किया गया।

दिनांक 09.06.2023 को मनेरा दिलसौड के जंगल में आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा वन विभाग की टीम एंव सम्बन्धितो से समन्वय किया गया और आग पर काबू पाया गया।





दिनांक 10.06.2023 को जनपद उत्तरकाशी में माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा जनपद भ्रमण कार्यक्रम में जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा राजकीय कीर्ति इंटर कॉलेज उत्तरकाशी में आयेजित कार्यक्रम विभिन्न विभागों के साथ आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण उत्तरकाशी का आपदा से संबधित जानकारियों/खोज एंव बचाव उपकरणों का स्टॉल लगवाया गया। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा स्टॉल का निरीक्षण कर आपदा प्रबन्धन की प्रसंसा की गयी तथा मा0 मुख्य मंत्री के माध्य से जनपद के आपदा मित्र प्रशिक्षण प्राप्त स्वंयवकों को आपदा किट वितरित करवायी गयी। इसके साथ ही आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी को स्मृतिचिन्ह भेट किया गया। स्टॉल में जन–जागरूकता सम्बन्धी जानकारी दी गयी।



















**दिनांक दिनांक 11.06.2023 को लोक सेवा आयोग के वन आरक्षित आदि पदों की परीक्षा हेतु जनपद** आपातकालीन परिचालन केन्द्र को परीक्षा कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। जनपद आपदाकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित नोडल अधिकारियों से समन्वय कर परीक्षा सामग्री वितरण एवं परीक्षा पूर्ण होने परी उत्तर पुस्तिका को कोषागार में जमा किये जाने आदि सूचना प्राप्त कर उच्चाधिकारियों को दी गयी।

**दिनांक 11.06.2023 को समय लगभग प्रातः 11:00 बजे तहसील बडकोट के यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग** स्थान स्यानाचट्टी होटल शिवलिंगा के पास 01 मोटरसाईकिल दुर्घटनाग्रस्त हुयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी एंव सम्बन्धितों से समन्वय स्थापित किया गया। उक्त वाहन में 02 व्यक्ति सवार थे घायलो को 108 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडकोट लाया गया जिसमें से 01 व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी तथा दूसरे घायल व्यक्ति को हायर सेन्टर हेतु रेफर किया गया।

**राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन संस्थान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, दिल्ली एवं डॉ रघुन्नदन सिंह टोलिया, उत्तराखण्ड** प्रशासन अकादमी, नैनीताल के संयुक्त तत्वाधान में " Child Centric Disaster Risk Reduction" विषयक 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 05 से दिनांक 09 जून, 2023 तक अकादमी, नैनीताल तक जनपद स्तरीय 04 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग करवाया गया।

**दिनांक 16.06.2023 को तहसील चिन्यालीसौड के** ग्राम भडकोट में खेत में कार्य हेतु गयी महिला पर बाघ द्वारा हमला करने की सूचना प्राप्त हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा वन विभाग आदि को तत्काल सूचना से अवगत कराया गया। उक्त महिला की घटना स्थल पर ही मृत्यु हुयी उक्त घटना क्षेत्र में जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, डुण्डा। एवं वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद रहें।



मा0 उच्च न्यायाल के निर्देशानुसार दिनांक 18.06.2023 को जिला न्यायाल परिसर में आयोजित वृहत स्वच्छता अभियान में जनपद आपदा प्रबन्धन द्वारा प्रतिभाग किया गया। नगर क्षेत्र एवं जिला कार्यालय/आपदा प्रबन्धन कार्यालय परिसर में सफाई की गयी।












दिनांक 18.06.2023 को तहसील भटवाडी अन्तर्गत दयारा बुग्याल में आकाशीय बिजली गिरने के कारण गुज्जर की 04 बड़े पुशओं की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित राजस्व उप निरीक्षक/वन विभाग को सूचित किया गया। प्रभावितों को एस0डी0आर0एफ0 मानकों के अनुसार राहत राशि वितरित की गयी।



दिनांक 20.06.2023 को गंगात्री एंव यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग घरासू के पास मलवा आने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन और निर्माण खण्ड बडकोट को सूचना से अवगत कराया गया उक्त स्थान पर यमुनोत्री राष्ट्रीय मार्ग को रात्रि 11:10 बजे सुचारु किया गया गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग दिनांक 21.06.2023 को प्रातः 1:52 बजे सुचारु किया गया।

दिनांक 21.06.2023 को योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा केन्द्र के कार्मिकों सहित एन0डी0आर0एफ0 आदि से प्रतिभाग करवाया गया।






दिनांक 21.06.2023 से ग्राम निराकोट की लापता युवती के खोज–बीन हेतु परिजनों के अनुरोध पर दिनांक 24.06.2023 को जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा पुलिस/एस0डी0आर0एफ0 एवं त्वरित कार्यवाही दल की तैनाती की गयी। इसके अतिरिक्त ड्रोन कैमरा से भी तैनात किया गया। उक्त दल द्वारा लापता युवती की निराकोट एवं लगे जंगल क्षेत्र में खोज–बीन की गयी । किन्तु युवती का पता नहीं चल पाया।






दिनांक 25.06.2023 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग बन्दरकोट के पास मलवा आने के कारण अवरुद्ध हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन से समन्वय करते हुये शीघ्र मशीनरी तैनात करवायी गयी। उक्त अवधि में वाहनों स्थानों पर रोका गया। मार्ग प्रातः 8:17 बजे सुचारु किया गया



दिनांक 25.06.2023 को तहसील बडकोट अन्तर्गत ग्राम जरड़ में आकाशीय बिजली गिरने के कारण 01 बडा पशु एवं 02 छोटे पशुओं की मृत्यु हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित राजस्व विभाग को सचित कर प्रभावित को अनुमान्य राहत राशि वितरित की गयी।



जरड़ा में आकाशीय बिजली गिरने से 4 पशुओं की मौत

संवाददाता (जनमत टुडे)

नौगांव: मौसम के बदलते तेवर से नौगांव विकासखंड के जरड़ा गांव के ग्राम पंचायत जरड़ा में आकाशीय बिजली गिरने से जुरड़ा गांव के तरेपन सिंह चौहान के 4 पशुओं की मौत हो गई । त्रेपन सिंह अपने आप अपनी लड़की सहीत अपने चारों पशुओं को जरड़ा गांव ला रहे थे । जिसमें अचानक आकाशीय बिजली गिरने से उनकी लड़की को हल्की चोटों के साथ चारों पशुओं की मौके पर मौत हो गई। घटना आज लगभग 12 बजे की आकाशीय बिजली गिरीने की बताई जा रही है । जरड़ा गांव के सामाजिक कार्यकर्ता प्रताप सिंह चौहान ने उन्होंने बताया घटना से राजस्व विभाग को अवगत करा दिया गया है जिसके लिए उन्होंने पीड़ित व्यक्ति को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

दिनांक 25.06.2023 को समय प्रातः 10:30 बजे तहसील पुरोला अन्तर्गत ग्राम कण्डियाल के मदनी तोक मे आकाशीय बिजली गिरने से 04 व्यक्ति घायल होने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही 108 एम्बुलेंस, पुलिस, एस0डी0आर0एफ0 को घटना की जानकारी दी और उक्त स्थान के लिए रवाना किया गया जिन्हे 108 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र पुरोला लाया गया उक्त घायलों में 01 व्यक्ति को डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किया गया अन्य 03 घायल व्यक्तियों में से प्राथमिक उपचार के पश्चात 02 घायालो को हॉयर सेन्टर दून हॉस्पिटल देहरादून के लिए रेफर किया गया तथा 01 सामान्य घायल को प्राथमिक उपचार के पश्चात घर भेज दिया गया।

जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा दूरस्थ थानाध्यक्ष, हर्षिल को आपदा की स्थिति में अस्थायी सेल्टर बनाये जाने हेतु उक्त सामग्री से 01 टैंट, 15 मैट्रस, 15 कम्बल, 15 बैडसीट, 15 तकिया उपलब्ध कराये गये।



जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा किन्तु दिनांक 24 व 25.06.2023 को हुयी वर्षा से नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत कतिपय नालियों में मलवा/कचड़ा जमा होने के कारण नालियों का पानी सड़क पर बहने सें निकटवर्ती बस्तियों/शहर क्षेत्र में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुयी। जिस कारण आमजनमानस को कठिनाईयों का सामना करना पडा। उक्त के दृष्टिगत नगर क्षेत्रान्तर्गत समस्त नालियों/कलवर्ट की निरन्तर सफाई कर अवरोध मुक्त कर जल भराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुये जल भराव का कारण तथा यथा आवश्यक ड्रैनेज प्लान तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये है तथा मानसून अवधि तक वर्षा के पानी के जल भराव की स्थिति में निकासी हेतु एक 5–6 लोगों की त्वरित कार्यवाही दल (QRT) की तैनाती किये गये ताकि जल भराव एवं नाली बन्द होने की स्थिति में दल द्वारा त्वरित रूप से कार्य सम्पादित किया जा सके।

वर्तमान में मानसून काल प्रारम्भ होने एवं आगामी कावड़ के दृष्टिगत एक–एक कुल 02 मल्टी पर्पज वाहनों (Makeshift vehicle) यूटीलीटी डबल कैबिन को दिनांक 31 अगस्त, 2023 तक यथावत उप जिलाधिकारी, भटवाडी एवं उप जिलाधिकारी, बडकोट के निर्वतन पर तैनात की गयी।

## यात्रा कन्ट्रोल रूम/(जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र)

जनपद अन्तर्गत चारधाम यात्रा/मानसून काल के दृष्टिगत जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा वर्षा/नदी के जल स्तर की निरन्तर निगरानी की जा रही है तथा यात्रा कन्ट्रोल रूम कार्यशील हैं यात्रा कन्ट्रोल रूम द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों, तैनात नोडल/सैक्टर अधिकारियों से समन्वय कर श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री धाम एवं प्रमुख पड़वों में स्वास्थ्य सुविधा, पयेजल, विद्युत शौचालय, स्वच्छाता एवं दूरसंचार, खाद्यान्न पदार्थों के दर नियंत्रण/मजदूर दण्डी–कण्डी, खोड़–खच्चर आदि के नियमित 24X7 घटें निगरान निगरानी की जा रही है। विभिन्न यात्रा पड़व पर आवश्यक सविधाओं के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों को पंजिका में दर्ज कर सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित कर शिकायत का नितस्ताण करवाया जा रहा है। गंगोत्री एवं यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को सुचारू रखे जाने हेतु पर्याप्त मशीनरी/मानव संसाधन की उपलब्धता की निगरानी की जा रही है। चारधाम यात्रा सम्बन्धी दैनिक सूचना का संकलित कर प्रेषित की जा रही है। आपदा प्रबन्धन के दृष्टिगत विभिन्न सुविधाओं/तैनात टीम आदि के GIS मैप तैयार किये गये।


यात्रा कन्ट्रोल रूम
(जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र),
उत्तरकाशी।
Phone: +91 - 1374 - 222722, 222126, 1077 (Toll free), Mobile: +917500337269, 7252887587, 7310913129 (Off)
Mail id: ddmauttarkashi@gmail.com

श्री यमुनोत्री एवं श्री गंगोत्री धाम यात्रा दैनिक बुलेटिन

बुलेटिन संख्या–08 दिनांक–29.04.2023 समय–सायं 06:30 बजे।

यात्रियों की संख्या

| धाम का नाम | दैनिक यात्रियों की संख्या (दिनांक–29.04.2023) समय सायं 06:00 बजे तक | | | | अब तक प्रगतिशील यात्रियों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | बच्चे | योग | पुरूष | महिला | बच्चे | योग |
| श्री यमुनोत्री धाम | 2804 | 2592 | 199 | 5595 | 26046 | 22073 | 1163 | 49282 |
| श्री गंगोत्री धाम | 4313 | 3265 | 148 | 7726 | 29549 | 23121 | 1301 | 53971 |
| योग | 7117 | 5857 | 347 | 13321 | 55595 | 45194 | 2464 | 103253 |

वाहनों का विवरण

| धाम का नाम | दैनिक वाहनों की संख्या (दिनांक–29.04.2023) समय सायं 06:00 बजे तक | | | | अब तक प्रगतिशील वाहनों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बड़े वाहन | छोटे वाहन | दुपहिया वाहन | योग | बड़े वाहन | छोटे वाहन | दुपहिया वाहन | योग |
| श्री यमुनोत्री धाम | 84 | 433 | 02 | 519 | 884 | 3021 | 45 | 3950 |
| श्री गंगोत्री धाम | 113 | 598 | 31 | 742 | 829 | 3638 | 146 | 4613 |
| योग | 197 | 1031 | 33 | 1261 | 1713 | 6659 | 191 | 8563 |

गंगोत्री से गौमुख जाने वाले यात्रियों का विवरण

| दिनांक | भारतीय | | विदेशी | | गाइड/पोटर्स | कुल | प्रगतिशील योग (01 अप्रैल, 2023 से) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | | | |
| 29.04.2023 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 140 |

जनपद में घटित घटनायें

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक 29.04.2023 को घटित घटनायें | अब तक कुल संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 01 | वाहन दुर्घटना | - | 0 | - |
| | (क) घायल व्यक्तियों की संख्या | - | 0 | |
| | (ख) मृतक व्यक्तियों की संख्या | - | 0 | |
| | योग | - | घायल– 0 व मृतक–0 | |

जनपद में वर्षा का विवरण (मि०मी० में)

| जिला मुख्यालय | तहसील भटवाडी | तहसील डुण्डा | तहसील चिन्यालीसौड़ | तहसील बड़कोट | तहसील पुरोला | तहसील मोरी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 |

मौसम– वर्तमान समय में जनपद मुख्यालय तथा समस्त तहसील व श्री गंगोत्री धाम/श्री यमुनोत्री धाम क्षेत्र में बादल छाये हैं।






# जनपद आपातकालीन परिचालन केंन्द्र, उत्तरकाशी।
## दैनिक सूचना–

दिनांक–27 जून, 2023 (दूरभाष से प्राप्त सूचना के अनुसार) समय–प्रातः 8:30बजे

### 1. जनपद में वर्षा (मिली मीटर में)

| जिला मुख्यालय | तहसील भटवाड़ी | तहसील डुण्डा | तहसील चिन्यालीसौड़ | तहसील बड़कोट | तहसील पुरोला | तहसील मोरी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03.00 | 05.00 | 04.00 | 00.00 | 04.00 | 04.00 | 08.00 |

### 2. भागीरथी/टौन्स/यमुना नदियों का जलस्तर(गेज मीटर में)

| नदी का नाम | वर्तमान तल (प्रातः 08:00 बजे) | चेतावनी बाढ़ तल | खतरे का बाढ तल | उच्च बाढ़ तल |
|---|---|---|---|---|
| भागीरथी नदी | 1118.70 | 1122.00 | 1123.00 | 1125.70 |
| टौन्स नदी | 1150.35 | 1151.10 | 1152.10 | 1153.10 |
| यमुना नदी | 1058.40 | 1059.00 | 1059.40 | 1060.40 |

### 3. मनेरी/जोशियाड़ा डैम से पानी का डिस्चार्ज– समय प्रातः 8:00 बजे (क्यूमैक में)

| डैम का नाम | डिस्चार्ज |
|---|---|
| मनेरी भालीफेज–I(मनेरी डैम) | 242.15 |
| मनेरी भालीफेज–II(जोशियाड़ा डैम) | 259.88 |

### 4. गंगोत्री/यमुनोत्री धाम में आये यात्रियों का विवरण–दिनांक–26.06.2023

| यात्रा धाम | पुरूष | महिला | बच्चे | दैनिकयोग | क्रमिक योग |
|---|---|---|---|---|---|
| यमुनोत्री | 1704 | 988 | 166 | 2858 | 487198 |
| गंगोत्री | 3311 | 1432 | 159 | 4902 | 566392 |
| योग– | 5015 | 2420 | 325 | 7760 | 1053590 |

### 5. गंगोत्री से गोमुख जाने वाले यात्रियों का विवरण–

| दिनांक | भारतीय | | विदेशी | | गाईड/पोर्टर्स | कुल योग | क्रमिक योग 01 अप्रैल 2023 से |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | | | |
| 26.06.2023 | 114 | 06 | 00 | 02 | 25 | 147 | 5841 |

### 6. मुख्य सड़क मार्गो की अध्यतन स्थिति–

| क्र.सं. | मार्ग का नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | ऋषिकेश–गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग–108 | यातायात हेतु सुचारू है। |
| 2. | धरासू–यमनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग–(94–134) | यातायात हेतु सुचारू है। |
| 3. | विकासनगर–बड़कोट राष्ट्रीय राजमार्ग–(123–507) | यातायात हेतु सुचारू है। |
| 4. | चिन्यालीसौड़–सुवाखोली–मसूरी–देहरादून–S.H | यातायात हेतु सुचारू है। |
| 5. | उत्तरकाशी–लम्बगांव–श्रीनगर मोटर मार्ग–S.H | यातायात हेतु सुचारू है। |

### 7. उत्तराखण्ड राज्य आगामी 02 दिनों का मौसम सम्बन्धी सूचना–

मौसम विभाग के दिनांक 26.06.2023 को समय सायं : 06:00 बजे ई–मेल से प्राप्त सूचना के अनुसार

| मौसम पूर्वानुमान सम्बन्धी सूचना– | |
|---|---|
| दिनांक–27.06.2023 उत्तराखण्ड राज्य के जनपदों के अधिकांश स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा/गर्ज–चमक के साथ वर्षा हो सकती है। | |
| दिनांक–28..06.2023 को उत्तराखण्ड राज्य के जनपदों के अधिकांश स्थानो में हल्की से मध्यम वर्षा/गर्ज–चमक के साथ वर्षा हो सकती है। | |
| **मौसम चेतावनी सम्बन्धी सूचना–** | |
| दिनांक–27.06.2023 उत्तराखण्ड राज्य के नैनीताल, चम्पावत, टिहरी, पोढी, देहरादून, हरिद्वार, बागेश्वर तथा पिथौरागढ जनपदों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा होने की सम्भावना है। उत्तराखण्ड राज्य में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने/वर्षा के तीव्र से अधिक तीव्र दौर होने की संभावना है। | |
| दिनांक–28.06.2023 उत्तराखण्ड राज्य के देहरादून, टिहरी, पौडी, हरिद्वार, नैनीताल तथा चम्पावत जनपदों में कहीं–कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। उत्तराखण्ड राज्य में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने/वर्षा के तीव्र दौर होने की संभावना है। | |
| **LEGENDS:** | |
| WARNING (TAKE ACTION) | WATCH (BE UPDATED) |
| ALERT (BE PREPARED) | NO WARNING (NO ACTION ) |

- जनपद अन्तर्गत मुरिटकसौड़ ग्रामीण मोटर मार्ग पर स्थान जीरोबैण्ड के पास सड़क का पुस्ता टुटने के कारण मार्ग अवरुद्ध हुआ है। लोक निर्माण विभाग भटवाड़ी द्वारा उक्त मार्ग को छो वाहनों हेतु सुचारू किया गया है बडे वाहनो हेतु कार्य गतिमान है इसके अतिरिक्त जनपद के अन्य ग्रामीण मोटर मार्ग यातायात हेतु सुचारू हैं।
- जनपद अन्तर्गत समस्त विकास खण्ड क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति/पेयजल आपूर्ति हेतु सुचारू है।
- वर्तमान समय में जिला मुख्यालय व समस्त तहसील क्षेत्रो तथा श्री गंगोत्री/श्री यमुनोत्री धाम क्षेत्रों में बादल छाये है।

प्रतिलिपिः–निम्नांकित को सूचानार्थ प्रेषित–

1. सचिव महोदय, आपदा प्रबन्धन एवं पुर्नवास विभाग, उत्तराखण्ड, शासन देहरादून।
2. आयुक्त महोदय गढवाल मण्डल, पौडी।
3. जिलाधिकारी महोदय, उत्तरकाशी।

ड्यूटी प्रभारी,
आपातकालीन परिचालन केन्द्र,
उत्तरकाशी।

**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा वर्तमान मानसूनकाल में आम–जनमानस की सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सम्भावित प्राकृतिक आपदा/विभागीय व निजी क्षति आदि घटनाओं की सूचना, रोकथाम एवं त्वरित गति से प्रतिवादन के कार्यों हेतु 24X7 घटें जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र एवं तहसील स्तर पर तहसील आपातकालीन कन्ट्रोल रूम संचालित है। उक्त संचालित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया है।**

| **क्र.सं.** | **कन्ट्रोल रूम का नाम** | **सम्पर्क नम्बर** |
|---|---|---|
| 1 | जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी। (जिला मुख्यालय) | 01374–222722, 222126<br>(टोल फ्री न0–1077)<br>मो0–7500337269 |
| **तहसीलों में संचालित आपातकालीन कन्ट्रोल रूम** | | |
| 2 | भटवाडी | 8171724257 |
| 3 | जोशियाडा | 9105886679 |
| 4 | डुण्डा | 7895734674 |
| 5 | धौंतरी | 7534983612 |
| 6 | चिन्यालीसौड़ | 01371–237893<br>मो0–7453830457 |
| 7 | बड़कोट | 8439891878 |
| 8 | पुरोला | 6396055368 |
| 9 | मोरी | 9548160660 |

जनपद स्तर पर आहूत विभिन्न मानूसन/यात्रा तैयारी एवं पर्यवरण सम्बन्धी आदि विभिन्न बैठकों एवं कार्यक्रमों मे समस्त सम्बन्धितों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की गयी। आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपिः–** निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।